# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

### विज्ञप्ति संख्या – ..39../2021

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के ज्ञापांक जे0सी0ई0आर0टी0/प्रशि0 3–50/2020/230 दिनांक 06.09.2021 के आलोक में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 का आयोजन निम्नवत् रुप में किया जाना है :–

- वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 का आयोजन दो सावधिक परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।
- प्रथम सावधिक परीक्षा माह दिसम्बर, 2021 में तथा द्वितीय सावधिक परीक्षा माह मार्च–अप्रैल, 2022 में आयोजित होगी।
- प्रथम सावधिक परीक्षा बहुवैकल्पिक (MCQ) प्रश्नों पर आधारित होगी। यह परीक्षा ओ0एम0आर0 सीट के माध्यम से ली जाएगी।
- द्वितीय सावधिक परीक्षा अतिलघुत्तरीय, लघुत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय मिश्रित प्रश्नों पर आधारित होगी।
- दोनों परीक्षाओं के लिए अलग–अलग पाठ्यक्रम झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (JCERT) द्वारा जारी किया गया है। तद्नुरुप परीक्षा आयोजित की जाएगी।
- दोनों परीक्षाओं में प्राप्त अंकों को समाहित कर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 के परीक्षाफल का प्रकाशन किया जाएगा।

माध्यमिक परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन भराया जाएगा। वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्राएँ, जिनकी तीन वर्ष की सूचीकरण अवधि समाप्त हो गयी है, का पुनर्पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र भी ऑनलाइन भराया जाएगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 के लिए पुनर्पंजीयन, नियमित/स्वतंत्र/पूववर्त्ती छात्र/छात्रा तथा सम्मुन्नत परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :–

| | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने तथा चालान जेनरेट करने की तिथि | बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 27.10.2021 से 13.11.2021 तक | 17.11.2021 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 14.11.2021 से 18.11.2021 तक | 20.11.2021 तक |

विद्यालय को उपलब्ध कराये गए User ID एवं Password का उपयोग कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुनर्पजीयन हेतु प्रपत्र Online भरा जा सकेगा।

परिषद् के उक्त वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्ते, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुनर्पंजीयन प्रपत्र भरना सुनिश्चित किया जाए। वेबसाइट पर परीक्षा प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। विद्यालय प्रधान को निदेश दिया जाता है कि उक्त प्रपत्र को सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर लिया जाय ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातब्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

**नोट : (1) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होनेवाले नियमित/स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र में अंकित की जानेवाली पंजीयन संख्या विद्यालय प्रधान स्वयं भरेंगे। पंजीयन संख्या पोर्टल पर उपलब्ध चेकलिस्ट में अंकित होगा।**

**(2) पुनर्पजीयन हेतु आवेदन के लिए पुनर्पजीयन का अलग पोर्टल संधारित होगा। उक्त पोर्टल के माध्यम से ही पुनर्पजीयन की कार्रवाई की जायेगी। पूर्व पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि या जाली पाये जाने पर छात्र–छात्रा का प्रपत्र परिषद् द्वारा कभी भी निरस्त कर दिया जा सकता है एवं सभी संबंधितों पर विधिसम्मत् कार्रवाई की जायेगी। इस हेतु छात्र/छात्रा/अभिभावक एवं विद्यालय प्रधान दोषी माने जायेंगे। पुनर्पजीयन की कार्रवाई हेतु निर्धारित तिथि की सूचना परिषद् के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।**

JAC/गो0/2914/21-Secy/616/21
DT – 26/10/21
D.O.P. – 27/10/21

अध्यक्ष के आदेश की प्रत्याशा में,

(महीप कुमार सिंह)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।